FIRST TERMINAL EVALUATION 2015

HINDI

HN 1001 SET -B

STD : X

Score : 40
Time : 1.30 hrs.

सामान्य निर्देश :- * निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर लिखें ।

* 15 मिनट कूल ऑफ टाइम दिया जाएगा । यह टाईम प्रश्न-पत्र का वाचन करने तथा उत्तर लिखने की पूर्व तैयारी के लिए है ।

* 5 से 7 तक और 8 से 10 तक के प्रश्नों में विकल्प हैं ।

तालिका की पूर्ति करके लिखें । (2)

1.

पाठ	प्रोक्ति	रचयिता
हाथी के साथी	घटना	....
नदी और साबुन	....	ज्ञानेन्द्रपति
बाबुलाल तेली की नाक	कहानी	....
....	रेखाचित्र	महादेवी वर्मा

अंग्रेजी शब्दों के स्थान पर उनका समानार्थी हिन्दी शब्द का प्रयोग करके वाक्य का पुनर्लेखन करें । (3)

2. श्यामा telecommunication विभाग में काम करती है । माँ को , डॉक्टर को दिखान के लिए उसने internet में ढूँढकर hospital का पता चलाया ।

(अस्पताल , दूरसंचार , आरक्षण ,अंतर्जाल)

3.घटनाओं को क्रमबद्ध करें । (2)

* डॉक्टर ने उसके चेहरे का निरीक्षण किया ।
* बाबुलाल तेली लालूराम के अस्पताल पहुँचा ।
* लालूराम ने बाबुलाल तेली की नाक को काटा ।
* लोकल एनेस्थीसिया दिया ।

ग्वाला की चरित्रगत विशेषताएँ चुनकर लिखें । (2)

4. * जानवरों से प्यार करनेवाला ।
   * आर्थिक लाभ के लिए काम करनेवाला ।
   * पशु-पक्षियों से क्रूरता दिखानेवाला ।

सूचना :- 5 से 7 तक के प्रश्नों में किन्हीं दो के उत्तर लिखें । (2X2=4)

5." मरे हुए हाथी को कोई ठोकर मारता,कोई लाठी,कुल्हाडी और चाकू से मारता।" 'हाथी के साथी ' पाठ के आधार पर मानव के बदलते मनोभाव पर राय प्रकट करें ।

6." हिमालय के होते हुए भी नदी युद्ध हार गई " – यहाँ कवि क्या इशारा करना चाहते हैं ?

7.पालतू पशु-पक्षियों के प्रति श्यामा और महादेवी के दृष्टिकोण में कौन-सा अंतर है ? व्यक्त करें ।

सूचना:-8 से 10 तक के प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर लिखें । (2X4=8)

8." शुक्र है ....!! शुक्र है उसने मेरी नाक पर ही घूँसा मारा ।"- बंबई से लौटने के बाद बाबुलाल तेली अपने बिस्तर पर पडे-पडे सोच रहे थे । उन्होंने क्या - क्या सोचे होंगे ? डायरी के रूप में लिखें ।

9."आदमी द्वारा प्रकृति और जीव-जंतुओं का शोषण " विषय पर स्कूल में एक संगोष्ठी आयोजित है । इसकी सूचना देनेवाला पोस्टर तैयार करें ।

10. गौरा की बीमारी के संबन्ध में महादेवी वर्मा और डॉक्टर के बीच हुए वार्तालाप अपनी कल्पना के अनुसार लिखें ।

सूचना :-कवितांश पढकर नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर लिखें ।

" हार-जीत दोनों समान हैं
दो पहलू हैं सिक्के के ।
खेल-कूद से तुम यह सीखो ,
दो पहिए हैं इक्के के ।
आते आते जीवन को ही,
खेल समझ हर्षाओगे ।
खेल-कूद में नाम कमाकर,
भारत कीर्ति बढाओगे ।

(श्री.एन.नारायण राव)

(इक्का = കുതിരവണ്ടി)

11.खेल-कूद से क्या सीखना है ? (1)

12.कवितांश के लिए उचित शीर्षक लिखें । (1)

13.कविता का आशय लिखें । (3)

सूचना:- उद् घोषणा (Announcement) तैयार करें । (3)

14.मान लें, आप अपने स्कूल के हिंदी मंच का सचिव (Secretary) है। हिन्दी दिवस मनाने के सिलसिले में एक उद् घोषणा तैयार करें।

सूचना :-संशोधन करके खंड का पुनर्लेखन करें । (2)

15.सुमित्रा की भाई सोहन मेरे कक्षा में पढता है । वह को गीत बहुत पसंद है । अगले महीने वह मुंबई जाता था ।

सूचना:-रेखांकित शब्दों का लिंग परिवर्तन करके वाक्यों का पुनर्लेखन करें । (2)

16.एक स्त्री अपने बेटे को लिए मेला देख रही थी ।

17.**उचित योजक से वाक्यों को मिलाएँ ।** (2)

अ) सिनेमा देखने जाना है । छुट्टी ले रही है ।

आ)हम लोग आगरा जाएँगे । हम ताजमहल देखेंगे ।

(इसलिए , क्योंकि , और)

सूचना:- गद्यांश पढकर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखें ।

टेलिविशन के कुछ हानिकारक प्रभाव समाज पर पडते हैं । बच्चे और युवक इसके शिकार हैं । उनकी पढाई में बाधा उपस्थित होती है । हिंस-वृत्ति बढानेवाले दृश्यों का युवकों पर बुरा प्रभाव पडता है । लेकिन यह प्रभावशाली संचार माध्यम परिवार के सभी लोगों के लिए मनोरंजक एवं शिक्षाप्रद है ।

18.' बुरा प्रभाव ' वाक्यांश में ' प्रभाव ' शब्द - (1)

(विशेषण है , संज्ञा है , क्रिया है)

19.' उनकी ' में सर्वनाम है - (वह , ये , वे . यह) (1)

20.प्रभावशाली संचार माध्यम क्या है ? (1)

21.टेलिविशन के हानिकारक प्रभाव क्या-क्या हैं ? (2)